# यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम

## प्रिलिम्स के लिये:

यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम, 'साउथ एशिया वीमेन इन एनर्जी' प्लेटफॉर्म, यू.एस. एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट

## मेन्स के लिये:

भारत- अमेरिका के प्रगाढ़ होते संबंध

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने **यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम** (US-India Strategic Partnership Forum- USISPF) के तीसरे वार्षिक नेतृत्व शिखर सम्मेलन (Annual Leadership Summit) को संबोधित किया।

## प्रमुख बिंदु:

- यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम (US-India Strategic Partnership Forum- USISPF), एक गैर लाभकारी संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष 2017 में की गई थी।
- इस संगठन का मुख्य उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के मध्य द्विपक्षीय एवं रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करना है।
- इस संगठन का मुख्य लक्ष्य नीतिगत तरीके से दोनों देशों के बीच आर्थिक एवं वाणिज्यिक संबंधों को मज़बूत करना है जो आर्थिक विकास, उद्यमशीलता, रोज़गार-सृजन एवं नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिये प्रेरित करेगा।
- इसके अतिरिक्त व्यापारिक एवं आपसी सहयोग को बढ़ावा देना एवं सार्थक अवसर उत्पन्न करने में सक्षम बनाना जिससे नागरिकों के जीवन को सकारात्मक रूप से बदला जा सके।
- 31 अगस्त, 2020 से शुरू हुए इस 5 दिवसीय सम्मेलन की थीम '**संयुक्त राज्य अमेरिका-भारत के सामने मौजूद नई चुनौतियाँ**' (US-India Navigating New Challenges) है।
- वर्ष 2019 में माल एवं सेवाओं के संदर्भ में समग्र यूएसए-भारत द्विपक्षीय व्यापार 149 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है।
- यूएसए ऊर्जा निर्यात, दोनों देशों के मध्य व्यापारिक संबंधों में वृद्धि का एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है।
- रक्षा, व्यापार, वाणिज्यिक विमान सेवाएँ, तेल और कोयला, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों में भारत में अमेरिकी निवेश के लिये प्रचुर संभावनाएँ हैं, जबकि भारत के लिये अमेरिकी बाज़ार में मोटर-वाहन, फार्मा, समुद्री उत्पाद, सूचना प्रौद्योगिकी तथा यात्रा सेवाओं को बढ़ावा देने के अवसर हैं।

## यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम के 6 स्तंभ:

i. व्यावसायिक नीति की सिफारिश (BUSINESS POLICY ADVOCACY)
ii. विधायी संबंध (LEGISLATIVE AFFAIRS)
iii. बी-बी-जी अवसर (B-B-G OPPORTUNITIES)
iv. समावेशी विकास (INCLUSIVE DEVELOPMENT)
v. सामरिक सहयोग (STRATEGIC ENGAGEMENT)
vi. शिक्षा, नवाचार एवं उद्यम (EDUCATION INNOVATION & ENTREPRENEURSHIP)

## 'साउथ एशिया वीमेन इन एनर्जी' प्लेटफॉर्म

## [South Asia Women in Energy (SAWIE) Platform]:

- यू.एस. एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (U.S. Agency for International Development- USAID) और यू.एस. इंडिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम (U.S. India Strategic Partnership Forum- USISPF) ने दक्षिण एशिया में ऊर्जा क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तीकरण

एवं लैंगिक सुग्राहीकरण (Gender Sensitization) को बढ़ावा देने के लिये आधिकारिक तौर पर **'साउथ एशिया वीमेन इन एनर्जी' (South Asia Women in Energy- SAWIE) प्लेटफॉर्म** लॉन्च किया है।

## यू.एस. एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट

## (U.S. Agency for International Development- USAID):

- USAID संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय सरकार की एक स्वतंत्र एजेंसी है जो मुख्य रूप से नागरिक विदेशी सहायता एवं विकास सहायता के लिये ज़िम्मेदार है।
- यह दुनिया की सबसे बड़ी आधिकारिक सहायता एजेंसियों में से एक है।
- अमेरिकी कॉन्ग्रेस ने 4 सितंबर, 1961 को विदेशी सहायता अधिनियम (Foreign Assistance Act) पारित किया जिसने अमेरिकी विदेशी सहायता कार्यक्रमों को पुनर्गठित किया एवं आर्थिक सहायता के लिये एक एजेंसी के निर्माण को अनिवार्य बनाया और 3 नवंबर, 1961 को USAID अस्तित्त्व में आई।
- **यह पहला अमेरिकी विदेशी सहायता संगठन है जिसका प्राथमिक लक्ष्य दीर्घकालिक सामाजिक आर्थिक विकास पर ध्यान देना था।**

## स्रोत: पीआईबी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/us-india-strategic-partnership-forum